भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.08.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2713 का उत्तर

चेन्नई में ताम्बरम स्टेशन का विकास

2713. श्री टी. आर. बालू:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ताम्बरम स्टेशन को चेन्नई के तीसरे टर्मिनल के रूप में विकसित करने की योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या नियोजित विकास कार्यों का कार्यान्वयन शुरू हो गया है और इस परियोजना को पूरा करने के प्रस्तावित लक्ष्य क्या हैं तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ताम्बरम से उत्तर भारत के प्रमुख शहरों तक चलाई जाने वाली नई एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का ब्यौरा क्या है;

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

चेन्नई में ताम्बरम स्टेशन के विकास के संबंध में दिनांक 07.08.2024 को लोक सभा में श्री टी. आर. बालू के अतारांकित प्रश्न सं. 2713 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): तांबरम टर्मिनल पर अवसंरचना विकास के लिए विकास कार्य दो चरणों में शुरू किया गया है। चरण-। का कार्य पूरा हो गया है। चेंगलपट्टू-तांबरम तीसरी लाइन के भाग के रूप में तांबरम यार्ड के रिमाडलिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। तांबरम में दो अतिरिक्त प्लेटफार्म लाइनों, 2 पिट लाइनों और स्टेबलिंग लाइनों की योजना बनाई गई है।

किसी रेल परियोजना का पूरा होना राज्य सरकार द्वारा शीघ्र भूमि अधिग्रहण, बाधक जनोपयोगी सेवाओं की शिफ्टिंग, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, जलवायु संबंधी स्थितियों के कारण किसी परियोजना स्थल विशेष के लिए वर्ष में कार्य महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजना के पूरा होने के समय को प्रभावित करते हैं। उपर्युक्त बाधाओं के बावजूद, परियोजना (परियोजनाओं) को शीघ्रता से निष्पादित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

तांबरम स्टेशन 43 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ी, 03 जोड़ी पैसेंजर रेलगाड़ी और 216 जोड़ी उपनगरीय रेलगाड़ियों सहित 262 जोड़ी रेलगाड़ियों द्वारा सेवित किया जा रहा है। इसके अलावा भारतीय रेल पर नई गाड़ी शुरू करना एक सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि पर निर्भर करता है।

****